तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# अंकुर

## निपुण समाचार पत्रिका : अप्रैल 2024 से जून 2024

## NIPUN NEWS LETTER: APRIL 2024 TO JUNE 2024


## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी

**PM SHRI KENFDRIYA VIDYALAYA DHARAMSHALA CANTT.**

**Ph.& Fax. 01892-221414** **website- https://dharamshalacantt.kvs.ac.in**

**e-mail:kvdharamshalahp@gmail.com**

कनल राकेश कुमार
प्रशासनिक कमांडेंट
Col Rakesh Kumar
Adm Comdt
Ph 01892-220217



स्थानीय मुख्यालय
मिल्ट्री स्टेशन धर्मशाला
Station Headquarters
Mil Station Dharamshala
PIN - 900144
C/o 56 APO

## FELICITATION BY CHAIRMAN NOMINEE, VMC

It gives me immense pleasure to extend my approbation and heartiest congratulations to the dynamic Principal; Dedicated Teachers and Diligent students of PM Shri Kendriya Vidyalaya Dharamshala Cantt. on the occasion of publishing of the e-issue of the Vidyalaya Magazine.

The focused and comprehensive efforts of the Vidyalaya in providing Education integrated with technology is frame-worthy. The school has embarked upon new programmes, many innovations in all spheres of activities, devised new plans and strategies to strengthen its academic set-up and sharpened the requisite tools for multi-faceted development of the Pupils. The need of the hour is to recognize, appreciate, applaud and foster the fine blend of scientific aptitude in a Student. The school magazine plays a pivotal role in providing a platform to display the creative urges of students. My compliments to the Principal, Mrs Pushpa Sharma; all the Teachers and Pupils for bringing forth an intellectually stimulating e-edition. I wish the vidyalaya continued success in future ventures too.

Kudos!

Station : Dharamsala

Dated : 09 Jul 2024

कर्नल / Colonel
प्रशासनिक अधिकारी / Adm Comdt
स्टेशन मुख्यालय / Station Headquarter
धर्मशाला / Dharamsala

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय/REGIONAL OFFICE
केंद्रीय विद्यालय क्र.1,ए.एस.एफ. कैम्पस, सैक्टर-14
KV No.1, AFS Campus,Sector-14
गुरुग्राम )हरियाणा /(Gurugram (Haryana)-122001
Phone: 0124-2307399(DC), 2307499, 2307599, 2307699


फा. 32050/2024-25/के.वि.सं./क्षे.का.(गुरुग्राम)/ दिनांक: 12.07.2024

## संदेश



मेरे लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि पी. एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी सत्र 2023-24 की अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है। विद्यालय पत्रिका, विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है| छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथअनेक गतिविधियाँ वर्ष पर्यंत चलती रहती हैं। इन गतिविधियों में विद्यार्थी भाग लेते हैं औरअपनी प्रतिभा को निखारते हुये उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं| इस पत्रिका के माध्यम से सभी हितधारक अवगत हो सकेंगे कि विद्यालय में खेलकूद, पाठ्य सहगामी एवं विभिन्न कौशलों के विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ है|

पी. एम. श्री अर्थात् प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया जैसी योजना के अन्तर्गत विद्यालय परिवार के लिए अनेक सुविधाएँ जैसे छात्रओं के लिए विद्यालय में वेंडिंग मशीन, डिजिटल लाइब्रेरी कक्षाओं में इंटरैक्टिव बोर्ड, किचन गार्डन, ब्रेल स्टेशनरी मैटेरियल, खेल-कूद से संबंधित सामग्री, इत्यादि विद्यार्थियों को प्राप्त हुई है | इस योजना के अंतर्गत विद्यालय में अनेक गतिविधियों जैसे विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, नागरिक कौशल का विकास, निपुण व माननीय सदस्यों द्वारा छात्रों का प्रोत्साहन का आयौजन भी किया गया है |

विद्यार्थियों की नव कोमल अनुभूतियाँ, जो वे अपनी रचनाओं, चित्रों आदि से व्यक्त करना चाहते हैं उनके लिए जीवन प्रयन्त याद रहने वाली अनमोल निधि होती हैं। लिपिबद्ध हो जाने से उनकी ये रचनाएँ शाश्वत हो जाती हैं। विद्यालय वार्षिक पत्रिका के माध्यम से छात्रों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने, संवारने और प्रदर्शित करने के लिए एक श्रेष्ठ मंच प्रदान करता है। ये पत्रिका विद्यालय में समय-समय पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं समारोह के चित्रों को प्रकाशित कर उन्हें विद्यालय के इतिहास में संजो लेती है। विद्यालय पत्रिका शिक्षकगण से भी यह अपेक्षा करती है कि वे अपने प्रिय छात्र-छात्राओं के लिए कुछ ख़ास लिखें जिससे न केवल वर्तमान में प्रेरित हों अपितु इसे जीवन प्रयंत याद रखें।

आपका विद्यालय न केवल विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर रहा है अपितु लगातार शत प्रतिशत परिणाम के साथ परिणाम की गुणवत्ता में भी विशेष ऊँचाइयों को छू रहा है। यह निश्चित रूप से कर्मठ प्राचार्या के प्रेरणादायक नेतृत्व, शिक्षकगण की सकारात्मक सोच व मार्ग दर्शन, विधार्थियों की दिन-रात की कठिन तपस्या, अभिभावकों व कर्मचारियों के ख़ास सहयोग के योगदान से संभव हो पाया है| अतः आप सभी बधाई के पात्र हैं । मेरा यह पूरा विश्वास है कि विद्यालय की यह पत्रिका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

विद्यालय पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मैं विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्राचार्या को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ |

(वरुण मित्र)
उपायुक्त

**श्रीमती पुष्पा शर्मा, प्राचार्या**
**पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी**



## From the Desk of Assistant Commissioner

According to Dewey, **'Education is not preparation for life but rather life itself, and the School should model real-world Problem Solving'**. I endorse his words and firmly believe that education should be child-centered and focused on learning through experience and problem solving activities rather than rote memorization. We have to create such environment in Kendriya Vidyalaya that helps every child to develop a mind that poses questions and looks for answers, a mind that passionately creates, a mind that enjoys its own creation.

It gives me immense pleasure to acknowledge that in this endeavour of creative pursuit intellectual growth & community engagement of the Vidyalaya students, PM Shri KV Dharamshala Cantt is bringing out its PM Shri Journal showcasing not only the up-scaled infrastructure of the Vidyalaya but also the various activities, Skill Development Training Sessions, Expert Talks etc. conducted under PM Shri Scheme.

I congratulate Students, Staff and Principal for their sincere efforts making this Kendriya Vidyalaya a strong unit. I am confident that PM Shri magazine will provide the ideal forum for bringing out the creative and out-of-the box ideas of the students. My compliments to the editorial board and best wishes for a Fruitful Academic Year.

Didar Singh ,Assistant Commissioner
Kendriya Vidyalaya Sangathan
Regional Office Gurugram

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी

## 2024-25

### प्राचार्य की कलम से

**प्रिय विद्यार्थियों-निम्नलिखित प्रसिद्ध कविता के कुछ प्रेरणादायक शब्द ही मेरा सन्देश हैं :**



बाधाएँ आती हैं आएँ
घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पावों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों में हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

हास्य-रूदन में, तूफ़ानों में,
अगर असंख्यक बलिदानों में,
उद्यानों में, वीरानों में,
अपमानों में, सम्मानों में,
उन्नत मस्तक, उभरा सीना,
पीड़ाओं में पलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

उजियारे में, अंधकार में,
कल कहार में, बीच धार में,
घोर घृणा में, पूत प्यार में,
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

सम्मुख फैला अगर ध्येय पथ,
प्रगति चिरंतन कैसा इति अब,
सुस्मित हर्षित कैसा श्रम श्लथ,
असफल, सफल समान मनोरथ,
सब कुछ देकर कुछ न मांगते,
पावस बनकर ढलना होगा।
क़दम मिलाकर चलना होगा।

-अटल बिहारी वाजपेयी

-श्रीमती पुष्पा शर्मा
प्राचार्या



केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी के सत्र 2024-25 की प्रथम तिमाही के न्यूज़लेटर को प्रकाशित करने पर में सभी का दिल की गहराई से धन्यवाद करता हूँ।

न्यूज़लेटर विद्यालय का दर्पण होता है जो समाज और विद्यालय का समन्वय बनाने में एक सेतु की भूमिका अदा करता है।

छात्र विद्यालय में एक अच्छा वातावरण पाते हैं, और सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनने के और अग्रसर होते हैं। वर्तमान में जीएलएन के तहत शिक्षा ग्रहण करते हुए छात्र खुशी खुशी सीख रहे हैं। ये सरकार द्वारा एक अच्छा प्रयास है। न्यूज़लेटर प्रकाशन पर में विद्यालय परिवार को बधाई देता हूँ साथ में अभिभावकों से आग्रह करता हूँ कि छात्रों का विकास शिक्षक और अभिभावक नामक दो स्तंभों पर टिका हुआ है, जो सफलता रूपी सड़क को जोड़ता है।

श्री कपिल देव<br>सी.एम.पी. प्रभारी



## संपादकीय...............

धरा पर बोया गया एक छोटा सा बीज अंकुरित होकर एक पौधा बन जाता है और जब उसका उचित उसका पालन-पोषण किया जाता है तो उसमें अनेक फल और फूल लगते हैं। हम पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी में अपने छात्र रूपी पौधों का समग्र विकास करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे बड़े होकर छायादार पेड़ बनें और हमारे देश की उन्नति संप्रभुता अखंडता, हरियाली और समृद्धि को बढ़ाने का एवं देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा उठाने का एक साधन बने, उत्तम नागरिक बने। यह समाचार पत्रिका प्राथमिक छात्रों की शिक्षण अधिगम गतिविधियों एवं उनकी उपलब्धियों को दर्शाती एक रंगीन यात्रा है ।

रंजू बाला, प्राथमिक शिक्षक
सीएमपी समाचार पत्रिका प्रभारी

# अनुक्रमणिका


- शुभारंभ दिवस
- उपायुक्त केवीएस गुरुग्राम संभाग द्वारा विद्यालय निरीक्षक
- पुस्तकोपहार दिवस
- प्रथम विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक
- विद्यालय स्तर पर भारत स्काउट एंड गाइड कैंप
- विद्या प्रवेश
- विद्या प्रवेश गतिविधियाँ
- खेल गतिविधियाँ
- ऑनलाइन गतिविधियाँ
- एफएलएन गतिविधियाँ
- विश्व पर्यावरण दिवस
- पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
- नन्ही कलम से
- अभिभावकों की प्रतिपुष्टि
- सुर्ख़ियों से

# झलकियाँ



## शुभारंभ दिवस

**“जो हम खुशी से सीखते हैं उसे हम कभी नहीं भूलते ।"**



## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी का श्री वरुण मित्र , उप आयुक्त, केवीएस गुरुग्राम द्वारा निरीक्षण



## पुस्तकोपहार दिवस

"मिसाल कायम करने के लिए अपना रास्ता स्वयं बनाना होता है।"







## प्रथम विद्यालय  प्रबंधन समिति बैठक

**"हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।"**







## विद्यालय स्तर पर भारत स्काउट एंड गाइड एवं कब एंड बुलबुल कैंप

**"सफलता का मुख्य आधार सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास है।"**









## विद्या प्रवेश

**“नन्ही कलियों का विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत”**



## विद्या प्रवेश गतिविधियाँ

**"हर परिस्थिति एक सौगात है और हर अनुभव एक खजाना है।"**








# सेल्फी कॉर्नर

**"जीतने वाले चीज अलग नहीं करते वह चीजों को अलग तरह से करते हैं।"**



## खेल गतिविधियाँ

**"खेल जीवन की एक उपासना है जिसमें सफलता का रहस्य छिपा होता है।"**



## ऑनलाइन गतिविधियाँ

"इंतजार मत करिए, सही समय आता नहीं लाना पड़ता है।"



## एफ.एल.एन. गतिविधियाँ

**"सपनों को सच करने से पहले सपनों को ध्यान से देखना जरूरी होता है।"**



# विश्व पर्यावरण दिवस

"पेड़ लगाकर करें पर्यावरण की रक्षा तभी होगी हमारे जीवन की सुरक्षा ।"



# पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ

**पाठ्य सहगामी** गतिविधियों के अंतर्गत **विद्यालय** में कई गतिविधियां हुई जैसे सदन बोर्ड **सज्जा** , अंग्रेजी कविता वाचन, अंग्रेजी सुलेख इत्यादि।




# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

"करो योग रहो निरोग"



# नन्हीं कलम से............


लाब का फूल
प्रिय गुलाब के फूल,
जाने कैसे तुम खिल जाते हो।
रहते तुमको काँटे,
फिर भी तुम मुस्काते हो।
भी चाहूँ तुम-सा बनना,
तुम मुझे बनाओगे ?
मुझको खुशबू प्यारी,
मन में बस जाओगे।
नाम- पलक
कक्षा - 2nd
अनुक्रमांक-36
चिड़िया
कविता
चिड़िया चूं-चूं करती है,
चिड़िया चूं-चूं करती है।
पास जाओ डरती है,
पास जाओ तो डरती है॥
दिन में दाना खाती है,
दिन में दाना खाती है॥
रात मड़े सो जाती है,
रात मड़े सो जाती है॥
धन्यवाद
नाम काशिका
रोल न. 25
कक्षा दूसरी
माँ
जब अकेला रहा तो उसकी याद आयी,
अँधेरे में था तो उसकी याद आयी।
जब भूख लगी तो उसकी याद आयी,
नींद नहीं आयी तो उसकी याद आयी।
सोचने में कितनी आसान लगती थी ये जिंदगी,
जब खुद से जीना सीखा तो उसकी याद आयी।
तभी मैंने लगा की माँ इतनी मजबूत कैसे हो सकती है,
हमसे भी ज्यादा हमारे लिए कैसे सोच सकती है
लेकिन सच तो यह है की वो माँ ही होती है,
जो हमारा पेट भरकर खुद भूखी रहती है।
नाम - वंशिका कपूर
कक्षा - चौथी
रोल नं० - 20
चिड़िया रानी
बड़ी सियानी
दाना खाती
पीती पानी
फुर-फुर करके
उड़ जाती।
नाम-अहना
कक्षा-3
जंगल
जंगल भी जंगल,
जहाँ रहते हैं कई जानवर।
पेड़ों और पौधे,
फल, फूल, सब्ज़ी।
जहाँ बहती हैं नदियाँ
निर्मल,
जंगल भी जंगल।
पेड़ लगाओ,
जंगल बचाओ।
नाम- भवनीत
कक्षा- चतुर्थ
दिनांक- 5/07/21
स्वरचित कविता
"जीत जाऊंगा मैं"
यह हास है या परिहास है,
होता नित नया आभास है।
जीत जाऊंगा मैं एक दिन, दिल में मेरे विश्वास है।
हैं घने अंधेरे आज तो क्या,
हैं बादलों के पहरे लाख तो क्या,
आएगी रोशनी फिर से, उस दिन की मुझे आस है।
जीत जाऊंगा मैं, दिल में मेरे विश्वास है॥
है रास्ता कांटों से भरा तो क्या
हवाएं थमी हुई हैं आज तो क्या
मिलेगी विजय, चलेंगी हवाएं क्योंकि आगे खुला आकाश है।
जीत जाऊंगा मैं एक दिन, दिल में मेरे विश्वास है॥
नाम- लक्षित अवस्थी
कक्षा - IV
रोल नं० - 30
केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी

# अभिभावकों के द्वारा प्रतिपुष्टि

## Feed Back by Paren

I am very impressed with your curriculum and teaching Methods which is different from other school. Well planned work-sheets for practice makes my child think beyond prescribed textbooks. I like to take this ~~previlige~~ privilege to Congratulate the Management of the school for its endless efforts. I am very happy to see improvement in my child. The school is very and class-teacher also my child is doing good. She is happy now I am very thankful to school also

"Thank you for your hard work in supporting my daughter as she develops."

I must say that you are really doing a great job. You give attention to each child and make sure that each child in your class is able to learn.

*. I am very thankful of this school for giving your best for us.

Name Of Parents :-

Rasmi Gut

Nabin Gut

## अभिभावक प्रतिपुष्टि

लय "पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धर्मशाला
अच्छा लगा क्योंकि यहाँ के शिक्षक काम
मेने की कोशिश करते है। यहाँ के शिक्षक ब
ीज़ को समझाने के लिए रचनात्मक ची
ते है।
लय में हर शनिवार को विभिन्न प्रकार क
ैं जो बच्चों की रचनात्मकता बढ़ाने में म
विद्यालय में एन सी सी, स्काउट गाइड आदि
। यहाँ तक की हमें आत्मरक्षा करने की त
जाती है। यहाँ योग की कक्षाएँ भी निय
जो बच्चों के मन को शांत करने में मदद

अभिभावक - अभिलाष गौतम

छात्रा - परी गौतम

क्षा - चतुर्थ

# सुर्ख़ियाँ ...

# केवी के … ासन से दिया स्वस्थ तन-मन का संदेश

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला कैंट में अंतरराष्ट्रीय योग उत्सव का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

धर्मशाला। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला में योग की धारा बही। मौका था अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग उत्सव का। अमर उजाला और स्कूल प्रबंधन ने मिलकर उत्सव का आयोजन किया।

इस मौके पर सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ तन-मन का संदेश देते हुए योग को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। स्कूल के विद्यार्थियों की स्काउट एंड गाइड व एनसीसी की टुकड़ी और चीयर्स लीडर टीम की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

त्रिगर्त दिव्य योग केंद्र कांगड़ा की मुख्य योग शिक्षिका राखी शर्मा ने उत्सव के योगाभ्यास सत्र में विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसन करवाए। उन्होंने करें योग रहें निरोग का मूल मंत्र देते हुए विद्यार्थियों से योग को अपनी दिनचर्या का जरूरी हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने योग दिवस को लेकर 21 जून का महत्व भी समझाया। योग शिक्षक प्रदीप कुमार ने भी विद्यार्थियों को योग करवाया। अमर उजाला की ओर से स्कूल प्रिंसिपल पुष्पा शर्मा ने अतिथियों और शिक्षकों को प्रतीक चिह्न व पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। उत्सव का संचालन हिंदी अध्यापिका गीता खाडिया ने किया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा की अध्यापिका विजया परिहार, अध्यापक कपिल ठाकुर, योग केंद्र के अजय शर्मा समेत स्कूल स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी में योग दिवस पर आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते विद्यार्थी। संवाद

### शरीर को रोग मुक्त रखता है योग : पुष्पा

धर्मशाला। केवी धर्मशाला की प्रिंसिपल पुष्पा ठाकुर ने कहा कि भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के जरिये सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। यह शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि योग दिवस के साथ ही 21 जून को संगीत दिवस भी मनाया जा रहा है। योग की तरह अच्छा संगीत भी हमारे मन-मस्तिष्क को स्फूर्ति प्रदान करता है। संवाद



# हमारी टीम

**“कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।"**




**हमारी टीम**

**श्री कपिल देव , श्रीमती मंजुली, श्रीमती आशिमा शर्मा, सुश्री उपमा चौधरी ,श्रीमती रोहिणी खरे , श्रीमती सपना मजोत्रा ( संगीत शिक्षक)**

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला छावनी**

Pradhan Mantri Schools for Rising India

## संपादक मंडल

**मुख्य संरक्षक - श्रीमती पुष्पा शर्मा, प्राचार्य**

**संकलन - श्रीमती रंजू बाला , प्राथमिक शिक्षक**

## हमारे प्रेरणा स्रोत

**श्री वरुण मित्र, उप आयुक्त,के.वि. एस. क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम**

**श्री दीदार सिंह, सहायक आयुक्त के.वि. एस. क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम**